# 印地语会话

邓　兵　编著

中国人民解放军外国语学院

二〇〇三年一月二十二日

# विषय-सूची


पहला पाठ **मेरा परिवार** ........ 1

दूसरा पाठ **मिलने वाले** ........ 4

तीसरा पाठ **शाम की चाय** ........ 8

चौथा पाठ **सुबह और शाम** ........ 11

पांचवां पाठ **दिन और महीने समय पूछना** ........ 14

छठा पाठ **डाकघर में** ........ 19

सातवां पाठ **बैंक में** ........ 22

आठवां पाठ **होटल** ........ 26

नौवां पाठ **होटल में कमरा बुक कराना** ........ 30

दसवां पाठ **नाई की दुकान पर बातचीत** ........ 33

गयारहवां पाठ

**नये वस्त्रों का आर्डर देना**

**पुरुषों के वस्त्रों की दुकान पर** ........ 37

बारहवां पाठ **दिल्ली के बारे में बातचीत** ........ 41

तेरहवां पाठ **रास्ता पूछना** ........ 45

चौदहवां पाठ **रेल्वे स्टेशन पर** ........ 49

पंद्रहवां पाठ **डॉक्टर के यहां** ........ 52

सोलहवां पाठ **मेरा सोनेका कमरा** ...................... 56

सत्रहवां पाठ **खाने की मेज़ पर बातचीत** ............. 59

अठारहवां पाठ **भोजन के लिए आज्ञा देना** .......... 62

उन्नीसवां पाठ **भोजन–कक्ष** ................................ 67

बीसवां पाठ **हमारी बैठक** .................................. 71

इक्कीसवां पाठ **बैठकों की तुलना** ...................... 75

बाईसवां पाठ **कार की खराबी** ........................... 80

# पहला पाठ

## मेरा परिवार

### 1. नये शब्द

| | | |
|---|---|---|
| आलोक | 人名 | |
| सुधा | 人名 | |
| पत्नी | स्त्री० | 妻子 |
| स्त्री | स्त्री० | 妇女，妻子 |
| गोपाल | 人名 | |
| राधा | 人名 | |
| आराम-कुर्सी | स्त्री० | 扶手椅，沙发 |
| गुड़िया | स्त्री० | 洋娃娃 |
| फ़र्श | पु० | 地板 |
| रेलगाड़ी | स्त्री० | 火车 |
| कुत्ता | पु० | 狗 |
| बिल्ली | स्त्री० | 猫 |

### 2. पाठ

यह मेरा परिवार है । इस परिवार में हैं मेरी पत्नी, मेरा पुत्र, मेरी पुत्री और मैं ।

मेरा नाम आलोक है । मेरी पत्नी का नाम सुधा है।

मैं सुधा का पति हूँ । मैं पुरुष हूं । मेरी पत्नी स्त्री है ।

हमारे दो बच्चे हैं--एक लड़का और एक लड़की। लड़के

का नाम गोपाल है । वह बारह वर्ष का है । लड़की का नाम राधा है । वह आठ वर्ष की है । वह गोपाल से चार वर्ष छोटी है । गोपाल उससे चार वर्ष बड़ा है । राधा परिवार में सब से छोटी है और मैं सब से बड़ा हूं ।

गोपाल राधा का भाई है । राधा गोपाल की बहन है । गोपाल मेरा पुत्र है, मैं उसका पिता हूं । मेरी पत्नी उसकी माता है । राधा मेरी पुत्री है, मैं उसका पिता हूं । मेरी पत्नी उसकी माता है । गोपाल और राधा हमारे बच्चे हैं । मैं उन का पिता हूं । हम अपने बच्चों से प्रेम करते हैं ।

मेरी पत्नी आराम-कुर्सी पर बैठी पुस्तक पढ़ रही है । राधा गुड़िया से खेल रही है । मैं खिड़की के पास खड़ा हूं और सिगरेट पी रहा हूं । गोपाल फर्श पर बैठा है और रेलगाड़ी से खेल रहा है ।

कुत्ता और बिल्ली दोनों मेज़ के नीचे लेटे हैं ।

**3. पाठ के अनुसार बातचीत**

— मैं कौन हूं ?

— आप श्री आलोक हैं ।

— मैं किसका पति हूं ?

— आप श्रीमती सुधा आलोक के पति हैं ।

— मेरे पुत्र का नाम क्या है ?

— उसका नाम गोपाल है ।

— आप का क्या नाम है ?

— मेरा नाम रमेश है ।



试读结束：需要全本请在线购买： www.ertongbook.com

— मेरे कितने बच्चे हैं—एक [illegible]

— आपके दो बच्चे हैं ।

— क्या राधा मेरी पुत्री है ?

— जी हां, वह आपकी पुत्री है ।

— वह कितने वर्ष की है ?

— वह आठ वर्ष की है ।

— क्या वह पुस्तक पढ़ रही है ?

— जी नहीं, वह पुस्तक नहीं पढ़ रही ।

— वह क्या कर रही है ?

— वह गुड़ियों से खेल रही है ।

— गोपाल किस चीज़ से खेल रहा है ?

— वह अपनी रेलगाड़ी से खेल रहा है ।

— क्या गोपाल के कोई भाई है ?

— जी नहीं, उसके कोई भाई नहीं है ।

— क्या आप के कोई भाई है ?

— जी हां, है ।

— कितने हैं ?

— दो ।

— सिगरेट कौन पी रहा है ?

— आप पी रहे हैं ।

— क्या आप सिगरेट पीते हैं ?

— जी नहीं ।

— क्या आपके पिताजी सिगरेट पीते हैं ?

— जी हां, पीते हैं ।

— क्या आपकी माताजी सिगरेट पीती हैं ?

— जी नहीं ।

— क्या आपके पिताजी सिगरेट पीते हैं ?

— जी हां, पीते हैं ।

— क्या आपकी माताजी सिगरेट पीती हैं ?

— जी नहीं ।

— क्या भारत में स्त्रियां सिगरेट पीती हैं ?

— प्रायः नहीं पीतीं ।

## 4. अभ्यास

(1) बड़ी आवाज़ में पाठ पढ़िए ।

(2) अपने पविार का परिचय कीजिए ।

(3) ग्रुपों में बंट कर अपने अपने परिवार के बारे में बातचीत कीजिए ।

# दूसरा पाठ

## मिलने वाले

### 1. नये शब्द

| | | |
|---|---|---|
| निर्मला | 人名 | |
| भतीजी | स्त्री० | 侄女 |
| प्रणाम | पु० | 致敬，敬礼，鞠躬 |
| चाचा | पु० | 叔叔 |
| चाची | स्त्री० | 婶婶 |
| परिचय कराना | स० क्रि० | 介绍 |
| नमूना | पु० | 样子，例子，样品，模型 |
| राजनीति | स्त्री० | 政治 |
| व्यापार | पु० | 事情，工作；商业，生意 |
| ताज़ा | वि० | 新的，新鲜的 |
| चर्चा | स्त्री० | 议论，谈论 |
| चर्चा करना | स० क्रि० | 议论，谈论 |
| ट्रे | पु० | 托盘 |
| चायदानी | स्त्री० | 茶壶 |
| तश्तरी | स्त्री० | 盘子，碟子 |
| दूधदानी | स्त्री० | 奶壶 |
| शक्करदानी | स्त्री० | 糖罐 |
| समोसा | पु० | 带馅的油炸面食 |

| | | |
|---|---|---|
| जलेबी | स्त्री० | 一种油炸甜面圈 |
| गुलाब-जामुन | पु० | 一种油炸食品 |
| बर्फ़ी | स्त्री० | 一种白色甜点 |
| मिठाई | स्त्री० | 甜点，甜食 |
| डालना | स० क्रि० | 放置，倒，灌，插 |
| आनन्द से | अ० | 快乐地，高兴地 |
| चन्द्र | 人名 | |
| चचेरा | वि० | 叔伯的，堂… |

## 2. पाठ

आज शनिवार है । शाम का समय है । दरवाज़े की घंटी बजी है ।

हमारे पड़ोसी श्री और श्रीमती प्रकाश आये हैं । नौकरानी दरवाज़ा खोलती है और उनको अन्दर ले आती है । फिर वह दरवाज़ा बन्द करती है और उनको बैठक में ले जाती है । हम उनका स्वागत करते हैं--उनसे नमस्ते करते हैं और बैठने के लिए कहते हैं ।

कुछ मिनट बाद दरवाज़े की घंटी फिर बजती है । अब निर्मला आयी है । यह मेरी पत्नी की भतीजी है । वह अभी-अभी गांव से आयी है । वह शनिवार और रविवार को हमारे साथ रहेगी ।

वह अपनी चाची को प्रणाम करती है । उसकी चाची श्री और श्रीमती प्रकाश से उसका परिचय कराती है । वह उन्हें नमस्ते करती है ।

अब हम सब बैठ जाते हैं । स्त्रियां कपड़ों के नये-नये

नमूनों के विषय में बातचीत करती हैं । हम पुरुष राजनीति, व्यापार और ताज़े समाचारों की चर्चा करते हैं ।

इसी समय नौकरानी चाय लाती है । ट्रे में चायदानी, प्याले और तश्तरियां, दूधदानी और शक्करदानी है । उसमें समोसे, जलेबी, गुलाब-जामुन, बर्फ़ी आदि मिठाइयां भी हैं ।

मेरी पत्नी चाय प्यालों में डालती है । मैं प्याले सबको देता हूं । मेरी भतीजी निर्मला सबको मिठाई देती है । हम सब आनन्द से चाय पीते हैं ।

हम चन्द्र के बारे में बातचीत करते हैं । चन्द्र मेरा भतीजा है । वह अपने चाचा और चचेरे भाइयों के साथ गांव में रहता है । वह वहां आनन्द से है ।

## 3. अभ्यास

(1) रिकार्ड का अनुकरण करके बड़ी आवाज़ में पाठ पढ़ते जाइए ।

(2) अपनी जबान में पाठ के विषय में कुछ सुनाइए ।

(3) ग्रुपों में बंट कर पाठ के अनुसार सवाल-जवाब का अभ्यास कीजिए ।

# तीसरा पाठ

## शाम की चाय

### 1. नए शब्द

| | | |
|---|---|---|
| क्षमा | स्त्री० | 原谅，宽恕 |
| शायद | अ० | 也许，可能 |
| कुमारी निर्मला | 人名 | |
| भीतर | अ० | 里面，在里面 |
| तेज़ | वि० | 快的，尖锐的，聪明的 |
| शक्कर | स्त्री० | 糖 |
| बिना | अ० | 除了，没有 |
| बिगड़ना | अ०क्रि० | 变质，损坏，变糟糕 |
| खराब | वि० | 坏的，不好的，被破坏的 |
| दुख | पु० | 痛苦 |
| हालत | स्त्री० | 情况，状况 |
| सुधरना | अ०क्रि० | 改善，改进，好转 |

### 2. पाठ

— नमस्ते, श्रीमती प्रकाश । कहिए, आप कैसी हैं ?

— आपकी कृपा से अच्छी हूं ।

— आपका क्या हाल है प्रकाश जी ?



试读结束：需要全本请在线购买： www.ertongbook.com

— मैं भी ठीक हूं ।

— बैठिए न ।

— क्षमा कीजिए, दरवाज़े पर कोई है, शायद मेरी भतीजी आयी है । आओ, आओ निर्मला, अच्छा हुआ तुम आ गयीं । देखो और भी मेहमान हैं । आप लोग शायद पहले एक दूसरे से नहीं मिले । मैं परिचय कराती हूं । यह है मेरी भतीजी कुमारी निर्मला, और ये हैं श्री और श्रीमती प्रकाश ।

— नमस्ते ।

— नमस्ते । आपसे मिलकर हमें बड़ी प्रसन्नता हुई ।

— और मुझे भी ।

— आइए, भीतर चलें, चाय तैयार है ।

— श्रीमती प्रकाश, आपको कैसी चाय पसंद है ? तेज़ या हल्की ?

— बहुत तेज़ नहीं । और शक्कर, दो चम्मच । मुझे अधिक मीठी चाय अच्छी लगती है, परंतु मेरे पति तो बिना शक्कर की चाय पसंद करते हैं ।

— कहिए, प्रकाश जी, क्या समाचार है ? व्यापार कैसे चल रहा है ?

— अच्छा चल रहा है । कहिए, आप का क्या हाल है ?

— जी, मेरा व्यापार कुछ ठीक नहीं चल रहा, बिगड़ता जा रहा है ।

— वास्तव में यह वर्ष तो बहुत ही खराब बीता है ।

— मुझे यह सुनकर बहुत दुख है । आशा है कि शीघ्र ही

हालत सुधर जाएगी ।

— आशा तो ऐसी ही है । कहिए, आपका भतीजा चन्द्र कैसा है ?

— चन्द्र ठीक है ।

— वह आजकल अपने चाचा रमेश और चचेरे भाइयों के साथ गांव में रहता है ।

— वहां वह कब तक रहेगा ?

— कह नहीं सकता । परंतु वह वहां पसंद से है ।

## 3. अभ्यास

(1) रिकार्ड का अनुकरण करके बड़ी आवाज़ में पाठ पढ़िए।

(2) ग्रुपों में बंट कर पाठ का अभिनय कीजिए ।

(3) मान लीजिए कि आप मेजबान हैं । आप के पुराने मित्र आए हैं और आप उनका स्वागत करते हैं ।

## चौथा पाठ

### सुबह और शाम

#### 1. नए शब्द

| | | |
|---|---|---|
| गाड़ी पकड़ना | | 赶火车，赶车 |
| साधारणत: | अ० | 一般来说，普通地 |
| पिक्चर | पु० | 电影，图片，画 |
| क्लब | पु० | 俱乐部 |
| मुलाकात | स्त्री० | 会面 |
| …से …की मुलाकात होना | | …与…会面，见面 |
| एकत्र | वि० | 集中的，聚集起来的 |
| एकत्र होना | अ०क्रि० | 集合 |
| हार्दिक | वि० | 热烈的 |
| बधाई | स्त्री० | 祝贺 |
| मंगल | वि०，पु० | 幸福的；幸福 |
| कामना | स०क्रि० | 希望，愿望 |
| मनोरंजक | वि० | 娱乐的，有趣的 |
| अवश्य | अ० | 当然，肯定 |

#### 2. पाठ

— आम तौर से आप कितने बजे सोकर उठते हैं ?

— मैं छः बजे सोकर उठता हूं ।

— इतनी जल्दी क्यों ?

— क्योंकि मुझे शहर पहुंचने के लिए सवेरे जल्दी गाड़ी पकड़नी होती है ।

— आप अपने कार्यालय कब जाते हैं ?

— लगभग नौ बजे ।

— क्या आप दिन-भर शहर में रहते हैं ?

— जी हां, प्रायः शाम के छः बजे तक रहता हूं । कभी-कभी जल्दी लौट आता हूं ।

— साधारणतः आप शाम को क्या करते हैं ?

— प्रायः घर पर ही रहता हूं । सप्ताह में एक या दो बार हम लोग नाटक या फ़िल्म देखने जाते हैं । कल रात हम एक पिक्चर देखने गये थे, जो बहुत ही मनोरंजक थी ।

— यदि आज रात को किसी विशेष कार्य में व्यस्त न हो, तो मेरे साथ क्लब में चलिये । वहां आप की मुलाकात मेरे कई मित्रों से होगी ।

— मुझे आपके साथ जाने में प्रसन्नता होती, परन्तु आज मेरे पुत्र का जन्म-दिन है और मेरा सारा परिवार उसे मनाने के लिए मेरे घर पर एकत्र हो रहा है ।

— यह तो बहुत उच्छा है । मेरी ओर से भी हार्दिक बधाई और मंगल कामनाएं ।

— बहुत-बहुत धन्यवाद । आप कहें, तो कल मैं आप के साथ चलूं ?

— जी हां, अवश्य चलिये । कल हम लोग आठ बजे नाटक

देखने चलेंगे ।

— इधर ही आ जाइएगा, साथ-साथ चलेंगे ।

— यह ठीक है । अच्छा, अब आज्ञा दीजिए ।

— कल मिलेंगे ।

3. **अभ्यास**

(1) रिकार्ड सुनकर बार बार बड़ी आवाज़ में उसका अनुकरण कीजिए ।

(2) ग्रुपों में बंट कर बातचीत कीजिए ।

(3) खुद विषय बनाकर एक दूसरे से बातचीत करने की कोशिश कीजिए ।

# पांचवां पाठ

## दिन और महीने समय पूछना

### 1. नए शब्द

| | | |
|---|---|---|
| बधाई | स्त्री० | 祝贺，愉快 |
| रोमन कैलेण्डर | पु० | 公历 |
| चैत्र | पु० | 印历一月 |
| वैशाख | पु० | 印历二月 |
| ज्येष्ठ | पु० | 印历三月 |
| आषाढ़ | पु० | 印历四月 |
| श्रावण | पु० | 印历五月 |
| भाद्रपद | पु० | 印历六月 |
| आश्विन | पु० | 印历七月 |
| कार्त्तिक | पु० | 印历八月 |
| मार्गशीर्ष | पु० | 印历九月 |
| पौष | पु० | 印历十月 |
| माघ | पु० | 印历十一月 |
| फाल्गुन | पु० | 印历十二月 |
| महात्मा | पु० | 圣雄，伟人 |
| गांधी | 人名 | 甘地 |
| मृत्यु | स्त्री० | 死，死亡 |
| तिथि | स्त्री० | 日期，日子 |



试读结束：需要全本请在线购买： www.ertongbook.com